## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएम आवास के अपात्र हितग्राहियों से 11 तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**कोरबा (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित हितग्राहियों का ग्रामसभा से पात्रता परीक्षण उपरांत प्राप्त अपात्र हितग्राहियों को अपनी पात्रता/अपात्रता पुर्ननिर्धारण हेतु अपीलीय समिति के समक्ष जिला पंचायत कोरबा के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रकोष्ठ या संबंधित जनपद पंचायत के प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शाखा में 03/10/2024 से 11/10/2024 शाम 05 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार/मान्य नहीं की जाएगी। ग्रामसभा से प्राप्त अपात्र हितग्राहियों की सूची जिला पंचायत, जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

### नारायणपुर के चार जगहों पर एनआईए ने मारा छापा

**नारायणपुर-रायपुर (आरएनएस)।** नक्सल हमलों की जांच कर रही एनआईए की टीम लगातार छत्तीसगढ़ के वनांचल क्षेत्रों में लगातार छापेमार कार्रवाई कर रही है। आज भी एनआईए की टीम ने भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या के मामले में नारायणपुर के 4 स्थानों पर दबिश दी है। बता दें कि बीते दिनों एनआईए की टीम ने कांकेर जिले के कई पत्रकारों और नेताओं के ठिकाने पर दबिश दी थी। अब देखने वाली बात ये होगी कि भाजपा नेता रतन दुबे की हत्या के मामले में एनआईए की टीम के हाथ क्या लगता है? बता दें कि विधानसभा चुनाव से ऐन पहले पूर्व भाजपा जिला उपाअध्यक्ष रतन दुबे की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी गई थी। हालांकि घटना के बाद ये बात सामने आई थी कि रतन दुबे की हत्या नक्सलियों ने की है। फिलहाल मामले की जांच एनआईए कर रही है।

### चलती ट्रेन में चढऩे के चक्कर में गवांई जान

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेलवे स्टेशन में अहमदाबाद सुपरफ ास्ट एक्सप्रेस में चढऩे के दौरान एक युवक का पैर ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच में फ ंस गया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ओडिसा का रहने वाला त्रिलोकचंद दलई अहमदाबाद सुपर फास्ट एक्सप्रेस में सफर कर रहा था। ट्रेन सुबह करीब 10 बजे रायपुर स्टेशन पहुंची तो वह खाने-पीने का सामान लेने के लिए नीचे उतर गया और सामान लेने लगा। इसी दौरान ट्रेन चल पड़ी और युवक चलती ट्रेन में चढऩे लगा इसी दौरान उसका पैर फिसला और वह ट्रेन तथा प्लेटफार्म के बीच फंस गया। जिसके बाद ट्रेन की चेन खींचकर ट्रेन रूकवाया गया तथा ट्रेन की सीढ़ी और जाली काटकर युवक को निकाला गया। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक को जीआरपी ने आंबेडकर अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने युवक के मोबाइल नंबर से उनके परिजनों को संपर्क कर लिया है। पुलिस युवक का पोस्टमॉर्टम करवाकर लाश परिजनों को सौंपेगी।

### टीएस अत्री को खाद्य नियंत्रक का अस्थायी प्रभार

**दुर्ग (आरएनएस)।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के आदेशानुसार शासन द्वारा जिले के लिए नियमित खाद्य नियंत्रक की पदस्थापना होने तक टीएस अत्री सहायक खाद्य अधिकारी अस्थायी रूप से खाद्य नियंत्रक दुर्ग के प्रभार पर रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील हो गया है। ज्ञात हो कि जिले में पदस्थ खाद्य नियंत्रक सीपी दीपांकर अपने 62 वर्ष की अद्र्धवाषिकीय सेवा पूर्ण करने के फलस्वरूप 30 सितम्बर 2024 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गये हैं। उनके स्थान पर शासन द्वारा वर्तमान में खाद्य नियंत्रक की पदस्थापना नहीं की गई है।

# 20 लाख लीटर क्षमता वाले एक करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पानी टंकी का किया गया भूमिपूजन

**❒ आने वाले समय में विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा रायगढ़-वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी**

रायगढ़



लगातार विकास कार्यों का भूमि पूजन, लोकार्पण किया जा रहा है, यह कार्य सतत रूप से जारी रहेगा। इससे आने वाले समय में रायगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों को छूएगा। उक्त बातें वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज नगर निगम कार्यालय परिसर में एक करोड़ 94 लाख की लागत से 20 लाख लीटर क्षमता वाले पानी टंकी निर्माण भूमि पूजन कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व ढाई करोड़ रुपए की लागत से नए एसपी कार्यालय एवं सड़क निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 माह में रायगढ़ के सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत के लिए 27 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इन सड़कों का निर्माण 15 अक्टूबर के बाद शुरू हो जाएगा। आने वाले कुछ महीनों में रायगढ़ शहर वासियों इन सड़कों की सौगात मिलेगी। इस दौरान उन्होंने नालंदा परिसर का निर्माण जल्द शुरू होने की भी बात कही।

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि रायगढ़ शहर के विकास के लिए लगातार सरकार द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। निर्माण कार्यों का भूमि पूजन, लोकार्पण किया जा रहा है और यह सतत रूप से जारी रहेगा। आप सभी के सहयोग से आने वाले समय में रायगढ़ शहर विकास के नए पायदान पर स्थापित होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि पानी टंकी के निर्माण से निगम कार्यालय से लगे 6 वार्डों को इससे स्वच्छ पानी की सप्लाई की जाएगी। उन्होंने कार्य को पूर्ण गुणवत्ता और समय पर करने की बात कही। कार्यक्रम को नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, सीनू राव ने संबोधित करते हुए विकास में इसी तरह सहयोग करने और रायगढ़ में विकास के कार्यों को तेजी से स्वीकृति देने के बाद कार्य कराने के लिए वित्त मंत्री चौधरी का आभार व्यक्त किया।

इससे पूर्व निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी ने पानी टंकी निर्माण, क्षमता, कार्य समय आदि के संबंध में पूरी जानकारी दी। कार्यक्रम में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पूर्व विधायक विजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, पार्षद महेश कंकरवाल, अशोक यादव, मुक्तिनाथ बाबुआ, कौशलेश मिश्रा सहित शहर के जनप्रतिनिधिगण, नागरिकगण एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## बाल संप्रेक्षण गृह से भागे चार नाबालिग कैदी




महासमुंद | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के महासमुंद स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से 4 नाबालिग बालकों के फरार होने की खबर है। आरोपियों ने सो रहे नगर सैनिक और अटेंडेंट पर पत्थर से हमला किया और मेन गेट की चाबी छीनकर भाग निकले। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से करीब 5 किमी दूरी पर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से गुरुवार रात एक से दो बजे के बीच 4 अपचारी बालक भाग निकले। इस दौरान उन्होंने सो रहे नगर सैनिक संजय मिश्रा और अटेंडेंट गोपाल चंद्रा पर पत्थर से हमला कर उन्हें घायल कर उनसे मेन गेट की चाबी छीनी और गेट का ताला खोलकर भाग गए। सुबह इसकी सूचना पहले अधीक्षक को दी गई। इसके बाद पुलिस को जानकारी मिली। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां उनको बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफ र किया गया है। फ रार चारों अपचारी बालकों की पुलिस तलाश रही है। फ रार बालकों में 2 को चोरी, 1 को रेप और 1 को गांजा तस्करी के मामले में पकड़ा गया था। इनमें से 2 गरियाबंद जिले, 1 बलौदाबाजार और 1 महासमुंद जिले का रहने वाला है।

## मिनीमाता सम्मान महिला उत्थान हेतु 10 अक्टूबर तक प्रविष्टियां आमंत्रित

रायगढ़




छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान हेतु उत्कृष्ट कार्य करने वाली राज्य के एक महिला/अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान)प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक महिला/संस्था को 2 लाख रुपये की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस सम्मान हेतु वर्ष 2024 के लिए 10 अक्टूबर 2024 तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास,रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान किसी भी महिला/संस्था को केवल एक बार ही प्राप्त हो सकेगी। प्रविष्टि में अंतर्निहित तथ्यों के अलावा अन्य पश्चातवर्ती पत्र व्यवहार कर पुरस्कार के संबंध में कोई विचार नहीं किया जाएगा। शासकीय संस्थाएं/अद्र्धशासकीय संस्थाएं/शासकीय सेवक इस सम्मान के पात्र नहीं होंगे। प्रविष्टियां की स्क्रीनिंग उपरांत जिला स्तर पर गठित चयन समिति द्वारा सर्वोत्कृष्ट एक महिला/संस्था के नाम चयन कर अनुशंसा सहित संचालनालय को भेजा जाएगा। इच्छुक महिला/संस्था 10 अक्टूबर सायं 4 बजे तक प्रविष्टियां जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय रायगढ़ में जमा कर सकेंगी। तत्संबंध में विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास रायगढ़ के कार्यालय से कार्यालयीन समय पर एवं दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन/प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मिनीमाता सम्मान (महिला उत्थान) के लिए महिला/संस्था का पूर्ण परिचय होना आवश्यक है। इसी तरह महिलाओं के उत्थान के लिए किये गये सेवा कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी। यह भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धियॉं वास्तविक तथ्यों पर आधारित है। यदि कोई पुरस्कार प्राप्त किया हो तो उसका विवरण देना होगा। उत्कृष्ट सेवा कार्य के संबंध में कोई प्रतिवेदन प्रकाशित हुआ हो तो उसका विवरण एवं प्रकाशित प्रतिवेदन की छायाप्रति संलग्न करना होगा। महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के संबंध में प्रख्यात पत्र-पत्रिकाओं तथा संस्थाओं द्वारा की गई टिप्पणियों छायाप्रतियॉं/सत्य प्रतिलिपियां तथा अन्य सुसंगत दस्तावेज जो आवश्यक हो। इसी तरह चयन होने की स्थिति में पुरस्कार प्राप्ति के संबंध में आवेदक की लिखित सहमति।

## दुर्घटना से बचाने पदयात्रियों के पीठ-बैग में लगाया जा रहा रेडियम

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** पुलिस अधीक्षक दुर्ग, जितेंद्र शुक्ला के निर्देश में एवं सुऋचा मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात), के मार्गदर्शन में तथा सतीश ठाकुर,सदानंद विंध्यराज उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा डोगरगढ दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों के सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पदयात्रियो के पीठ पर व बैग में रेडियम स्टीकर लगाया जा रहा है ताकि रात के समय वाहन चालको को पदयात्री आसानी से दिखाई दे सके ताकि किसी अप्रिय दुर्घटना से बचा जा सकें साथ ही पदयात्रियों के लिए रूट चार्ट एवं सर्विस रोड में बाएं चलने हेतु विभिन्न स्थानों पर फ्लेक्स भी लगाया गया है। नवरात्रि के दौरान डोगरगढ जाने वाले वाहन चालको की भीड को देखते हुए नेशनल हाईवे में वाहनो की रफ्तार कम करने हेतु ड्रम एवं स्टापर से विभिन्न स्थानो पर जिक-जेग बनाया गया है।

इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा 04 हाईवे पेट्रोलिंग के साथ 04 नवरात्रि पेट्रोलिंग को भी तैनात किया गया है जो पदयात्री मार्ग कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक 24 घंटे निरंतर अपने अपने क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते रहेगें पदयात्रियों को मार्ग में किसी प्रकार की असुविधा होने पर वें पुलिस हेल्प लाईन नंबर 9479192099 पर संपर्क कर सकते है।

## मेजबान दुर्ग संभाग का बॉस्केटबॉल, हॉकी में दबदबा

राजनांदगांव | आरएनएस

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एवं जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत बॉस्केटबॉल, हॉकी, तैराकी, वॉटरपोलो, शतरंज, बेसबॉल की प्रतियोगिता नगर के विभिन्न खेल मैदानों में आयोजित की जा रही है। जिसके तहत बॉस्केटबॉल 17 वर्ष बालिका वर्ग में बिलासपुर ने बस्तर को 9-3 अंकों से मेजबान दुर्ग ने बिलासपुर को 39-0 अंकों से बालक वर्ग में दुर्ग ने बिलासपुर को 39-11 अंकों से बिलासपुर ने बस्तर को 18-12 अंकों से 19 वर्ष बालिका वर्ग में बस्तर ने बिलासपुर को 30-0 अंकों से दुर्ग ने बिलासपुर को 33-0 अंको से बस्तर ने बिलासपुर को 33-29 अंकों से रायपुर ने बस्तर को 46-25 अंकों से पराजित किया।

दिग्विजय स्टेडियम में खेली जा रही है, बेसबॉल बालक वर्ग में दुर्ग ने सरगुजा को 13-3 अंकों से बस्तर ने रायपुर को 11-1 अंकों से बिलासपुर ने बस्तर को 4-1 अंकों से रायपुर ने सरगुजा को 6-5 अंकों से बिलासपुर ने दुर्ग को 10-0 अंकों से बिलासपुर ने रायपुर को 8-0 अंकों से बिलासपुर ने सरगुजा को 6-2 अंकों से दुर्ग ने रायपुर को 10-0 अंकों से पराजित किया। वहीं बालिका वर्ग में सरगुजा ने दुर्ग को 11-1 अंकों से बस्तर ने रायपुर को 4-0 अंकों से बस्तर ने सरगुजा को 8-0 अंकों से बिलासपुर ने रायपुर को 14-0 अंकों से पराजित किया।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है, बालिका वर्ग में दुर्ग जोन ने रायपुर को 7-0 गोल से सरगुजा जोन ने रायपुर को 6-0 गोल से बिलासपुर ने सरगुजा को 2-1 गोल से बालक वर्ग में सरगुजा ने बिलासपुर को 4-0 गोल से दुर्ग ने रायपुर को 4-0 गोल से पराजित किया। प्रतियोगता अंतर्गत 5 अक्टूबर तीसरे दिन का मैच सुबह से खेला जायेगा।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1166.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर | आरएनएस



राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1166.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 04 अक्टूबर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2377.7 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 606.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 634.5 मिमी, सूरजपुर में 1160.8 मिमी, बलरामपुर में 1733.8 मिमी, जशपुर में 1064.1 मिमी, कोरिया में 1127.4 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1088.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

इसी प्रकार, रायपुर जिले में 956.0 मिमी, बलौदाबाजार में 1188.3 मिमी, गरियाबंद में 1100.8 मिमी, महासमुंद में 969.8 मिमी, धमतरी में 1035.5 मिमी, बिलासपुर में 996.0 मिमी, मुंगेली में 1115.5 मिमी, रायगढ़ में 1111.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 734.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1223.4 मिमी, सक्ती 1063.1 मिमी, कोरबा में 1418.9 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1207.5 मिमी, दुर्ग में 655.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 922.6 मिमी, राजनांदगांव में 1128.6 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1239.5 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 856.6 मिमी, बालोद में 1199.6 मिमी, बस्तर में 1270.8 मिमी, कोण्डागांव में 1206.4 मिमी, कांकेर में 1422.5 मिमी, नारायणपुर में 1465.7 मिमी, दंतेवाड़ा में 1522.4 मिमी और सुकमा जिले में 1675.9 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियों का जमानत लेने वाला आरोपी गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस



न्यायालय परिसर रायपुर में फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियो का जमानत लिये जाने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर रायपुर लखन पटले एवं नगर पुलिस अधीक्षक, सिविल लाईन अजय कुमार के द्वारा थाना सिविल लाईन पुलिस को आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये है।

जिस पर थाना सिविल लाईन पुलिस टीम के द्वारा संदेही/आरोपियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जाकर सूचना एवं जानकारी एकत्र किये जा रहे है।

इसी क्रम में थाना सिविल लाईन पुलिस टीम के द्वारा पूर्व में आरोपी चेलाराम आसवानी एवं अशोक यादव को फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर आरोपियों का जमानत लेने प्रकरण में गिरफ्तार किया जाकर अन्य आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर लगाये गये थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी दिनेश रामटेके के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दिनेश रामटेके को पकडक़र घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा फर्जी ऋण पुस्तिका तैयार कर विभिन्न न्यायालयों में आरोपियों का जमानत लेना स्वीकार किये जाने पर आरोपी दिनेश रामटेके को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही किया गया है। ज्ञातव्य हो कि पूर्व में फर्जी ऋण पुस्तिका के मामले में संदेही/आरोपी मुकेश वर्मा, विशाल यादव, दीप लक्ष्मी राजपुत, लक्ष्मी शर्मा एवं अरूण यादव के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक/अपराध धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगा।

गिरफ्तार आरोपी- दिनेश रामटेके पिता स्व. मोहन रामटेके उम्र 37 साल पता गौरी नगर, नूरी मस्जिद गली नंबर 02, चिखली, थाना कोतवाली, जिला राजनांदगांव।

## ट्रक चालक से चाकू की नोक पर मोबाईल व नगदी रकम लूटपाट करने वाले दो युवक गिरफ्तार

दुर्ग-रायपुर | आरएनएस



प्रार्थी चंद्र सिंह निवासी भिलाई-03 थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 02.10.24 की रात्रि 10.00 बजे प्रार्थी खुर्सीपार से मां दुर्गा की मुर्ति छोडकर वापस अपने घर भिलाई 03 जा रहा था सम्राट अशोक चौक के पास खुर्सीपार में अपनी ट्रक को धीरे किया तो अक्षय नामक लडका प्रार्थी के ट्रक के सामने आकर प्रार्थी को रोका तभी अक्षय का साथी जिसको प्रार्थी नहीं जानता जो प्रार्थी के ट्रक में चढक़र प्रार्थी के गर्दन में छोटा चाकू लगा दिया तथा बोला कि जो पैसा और मोबाईल रखा है निकालकर दे नहीं तो चाकू मार दूंगा तो प्रार्थी उसकी बात सुनकर डर गया तथा मेरे जेब में रखा 180 रूपये एवं मेरा रियलमी का मोबाईल नीला कलर का कीमती लगभग 10,000 रूपये को जेब से निकाला तो अज्ञात लडका प्रार्थी के पैसा एवं मोबाईल एवं मेरी ट्रक का चाबी को लुट कर लेकर भाग गया कि सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई जिस पर वरिष्ठगण मान पुलिस मान पुलिस अधीक्षक महादेय दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, एवं नगर पुलिस अधीक्षक हरिश पाटिल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी अम्बर सिंह भारद्वाज के नेतृत्व पर सउनि करन सोनकर हमराह स्टाप के तत्काल अपराध दर्ज कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था. कि मुखबिर से सूचना मिला कि पड्डा प्राईड अंग्रेजी शराब दुकान के पास दो व्यक्ति मोबाईल बेंचने के लिए ग्राहक तलाश रहे है कि सूचना पर मुखबीर के बताये हुलिये के दो व्यक्ति को घेराबंदी कर पकडा जिसे पूछताछ करने पर उक्त मोबाईल को डबरापारा सम्राट अशोक चौक से गत रात्रि 03.10.24 को ट्रक चालक से लूट करना बताया आरोपी के कब्जे से एक रियलमी कंपनी का मोबाईल कीमती 10,000 रूपये, लूट का नगद 180 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया गया आरोपी 1. दुर्गेश यादव पिता राजू यादव उम्र 27 वर्ष साकिन ग्राम तेलीगुडा खर्रा थाना रानीतराई, पाटन जिला दुर्ग 2. अक्षय कुमार पारसी उर्फ डोवा पिता राजेन्द्र प्रसाद उम्र 19 वर्ष साकिन डबरा पारा उत्तर शिव मंदिर के पास भिलाई 03 को आज दिनांक 04.10.2024 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अम्बर सिंह भारद्वाज, सउनि करन सोनकर आरक्षक हेमंत साहू, चंद्रभान चौहान, अमन शर्मा, सुभाष यादव, पंकज सिंह, तेज प्रकाश की विशेष भूमिका रही।अपराध कमांक 190/24 धारा 309 (6), 126(2),3 (5) बीएनएस नाम आरोपी दुर्गेश यादव पिता राजू यादव उम्र 27 वर्ष साकिन ग्राम तेलीगुडा खर्रा थाना रानीतराई, पाटन जिला दुर्ग 2. अक्षय कुमार पारसी उर्फ डोवा पिता राजेन्द्र प्रसाद उम्र 19 वर्ष साकिन डबरा पारा उत्तर शिव मंदिर के पास भिलाई 03।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियॉं की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU